मौखिक एंटीवायरल क्या होते हैं?

ऐसी गोलियां जो कोविड-19 वाले किसी व्यक्ति को बेहतर होने में मदद करती हैं।

अगर आपको कोविड-19 होने का खतरा ज़्यादा है और पिछले 5 दिनों में आपकी कोविड-19 जांच पॉज़िटिव आई है, तो आप डॉक्टर की सलाह पर मौखिक एंटीवायरल गोलियां ले सकते हैं। दो तरह के उपचार उपलब्ध हैं: Paxlovid™ (Pfizer) और legevirio (Merck). आपको कितने समय से लक्षण हैं, अपनी उम्र और स्वास्थ्य इतिहास के आधार पर, आप कोविड-19 के इलाज के लिए इनमें से कोई एक उपचार (गोली) ले सकते हैं।

मौखिक एंटीवायरल उपचार आपके शरीर में SARS-CoV-2 वायरस (जिसकी वजह से कोविड-19 होता है) को बढ़ने से रोकते हैं, साथ ही, आपके शरीर में वायरस की मात्रा कम करके या आपके इम्यूनिटी सिस्टम को बेहतर करके आपके शरीर को कोविड-19 से लड़ने में मदद कर सकते हैं। इस उपचार से, आपके लक्षण कम गंभीर हो सकते हैं और आपकी बीमारी बढ़ने और अस्पताल में देखभाल की ज़रूरत की संभावना कम हो सकती है।

• मैं मौखिक एंटीवायरल दवा कैसे लूं?

मौखिक एंटीवायरल उपचार लेने का मतलब है कि आप गोलियां लेंगे। आपको अपने डॉक्टर की सलाह पर ही मौखिक एंटीवायरल उपचार लेना चाहिए। अपनी डोज़ लेना न भूलें और अगर भूल जाते हैं, तो अतिरिक्त डोज़ लें। जब तक आपका उपचार पूरा न हो जाए या जब तक आपके डॉक्टर आपको गोलियां बंद करने के लिए न कहें, तब तक आपको निर्देशानुसार सभी उपचार लेने चाहिए। मौखिक एंटीवायरल को भोजन के साथ या बिना भोजन के लिया जा सकता है. साथ ही, यह सुझाव दिया जाता है कि गोलियों को बिना तोड़े या कुचले पूरा निगल लिया जाए।

• अगर मुझे कोई स्वास्थ्या समस्या जैसे कि किडनी या लिवर की बीमारी है, तो क्या करूं?

कोई भी दवा लेने से पहले, आपको अपने डॉक्टर से अपने स्वास्थ्य इतिहास के बारे में बात करनी चाहिए। इसमें आपको डॉक्टर को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं, दवाओं, बिना सलाह के ली जाने वाली दवाओं, विटामिन और पूरक के बारे में जानकारी देना शामिल है।

किडनी या लिवर की समस्या वाले लोगों को मौखिक एंटीवायरल दवा लेने से पहले, अपने डॉक्टर से अपनी स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए। आपके डॉक्टर यह तय कर सकते हैं कि मौखिक एंटीवायरल दवा आपके लिए सही है या नहीं और आपको कितनी डोज़ लेनी चाहिए। कुछ खास स्वास्थ्य समस्या वाले लोगों को कुछ उपचार न करने की सलाह दी जा सकती है।

- ## अगर मैं मौखिक एंटीवायरल उपचार लेने योग्य नहीं हूं, तो क्या होगा?

आपके डॉक्टर यह तय करेंगे कि आप मौखिक एंटीवायरल उपचार लेने के योग्य हैं या नहीं या आपके लिए यह सही है या नहीं। इसके कई कारण हो सकते हैं। हो सकता है कि आप सभी ज़रूरी शर्तें पूरी न करते हों या आपकी स्वास्थ्य स्थिति कुछ उपचारों के लिए उपयुक्त न हो। अपने डॉक्टर से अपने लिए सबसे अच्छे उपचार के विकल्पों पर चर्चा करें।

DOH 825-029 May 2022 Hindi

इस दस्तावेज़ को किसी दूसरे फ़ॉर्मेट में प्राप्त करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या mailto:ecivil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।